हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 सितंबर 2025

13 तैराकों ने जीते 23 पदक, नेशनल के लिए नौ का चयन



14 सीजीएसटी में सुधारों पर उद्यमियों ने रखी राय



**बहादुरगढ़** का स्वच्छ भारत गाइडलाइंस के अनुसार ब्यूटीफिकेशन करेगी नगर परिषद

# 3 करोड़ में पार्क होंगे रेनोवेट 5 चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण

*शहर में करीब 6 दर्जन से अधिक पार्क हैं। इसके अलावा कुछ ग्रीन बेल्ट हैं। अनेक पार्क पहले हशविप्रा के अधीन थे। मगर कुछ समय पहले सारी व्यवस्थाएं हशविप्रा ने भी नगर परिषद को सौंप दी।*

## नगर परिषद की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रेक्ट कमेटी की बैठक आज, लगेगी मुहर

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में लंबे समय से खस्ता हालत में पड़े पार्कों के दिन फिरने की उम्मीद जगी है। नगर परिषद दर्जनों पार्कों के रेनोवेशन पर करीब 3 करोड़ रुपए खर्चने की योजना बना रही है। इसके साथ ही 1 करोड़ 35 लाख रुपए खर्च करके शहर के 5 प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण किया जाएगा। करीब 32 लाख रुपए में 2 सार्वजनिक शौचालय बनाए जाएंगे। स्वच्छ भारत गाइडलाइंस के अनुसार ब्यूटीफिकेशन पर करीब 45 लाख रुपए खर्च जाएंगे। बता दें कि नगर परिषद अब बहादुरगढ़ के 5 मुख्य चौराहों का सौंदर्यीकरण करवाएगी। झज्जर रोड पर राव तुलाराम चौक पर 35 लाख, सेक्टर-2 जंक्शन चौक पर 30 लाख, सेक्टर-9 बाइपास चौक पर 25 लाख, रेलवे रोड जंक्शन चौक पर 15 लाख और नाहरा-नाहरी रोड जंक्शन पर 30 लाख रुपए खर्च करने की तैयारी है।

### 1 करोड़ से स्वागत द्वार बनेगा

नजफगढ़ रोड पर हनुमान मंदिर के निकट करीब एक करोड़ रुपए की लागत से भव्य स्वागत द्वार बनाने की भी योजना है। शहर के मेन बाजार और रोहतक रोड पर पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के बाहर सार्वजनिक शौचालय बनाने की भी योजना है। इन्हें बनाने पर 32 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। वॉल आर्ट, डस्टबिन इंस्टॉलेशन व स्वच्छ भारत गाइडलाइंस के अनुसार ब्यूटीफिकेशन पर करीब 45 लाख खर्च जाएंगे। इसके अलावा 45 वॉट की एलईडी लाइटों की रिप्लेसमेंट और इंस्टॉलेशन पर 25 लाख खर्च किए जाएंगे।



बहादुरगढ़। शहर के सौंदर्यकरण की योजना बनाते नगर परिषद के अधिकारी।

### पार्कों के विकास के लिए राशि निर्धारित

मौजूदा समय में शहर में करीब 6 दर्जन से अधिक पार्क हैं। इसके अलावा कुछ ग्रीन बेल्ट हैं। अनेक पार्क पहले हशविप्रा के अधीन थे। मगर कुछ समय पहले सारी व्यवस्थाएं हशविप्रा ने भी नगर परिषद को सौंप दी। अब नगर परिषद प्रशासन ही सभी पार्कों की व्यवस्था देख रहा है। लंबे समय से इन पार्कों की बिल्कुल भी देखभाल नहीं हो रही। अब नगर परिषद इन पार्कों की सुध लेने जा रही है। सेक्टर-9 व 9ए के पार्कों के रेनोवेशन पर 77 लाख, रेलवे पार्कों व फोर्टेशिया पार्क पर 36 लाख, भगत सिंह पार्क पर 14 लाख, वीर सावरकर पार्क पर 10 लाख, सेक्टर-2 की ग्रीन बेल्ट पर 37 लाख, सेक्टर-2 के पार्कों पर 79 लाख रुपए खर्च होंगे। छोटूराम नगर के निकट रेलवे पार्क के रेनोवेशन पर 17 लाख, सिविल अस्पताल के साथ पार्क के जीर्णोद्धार पर 8 लाख, शहीद पार्क, टाउन पार्क व अंबेडकर स्टेडियम के निकट पार्कों की रेनोवेशन पर 23 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

### चेयरपर्सन लेंगी बैठक

बुधवार 17 सितंबर को नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी की अध्यक्षता में होने वाली फाइनेंस एंड कॉन्ट्रेक्ट कमेटी की बैठक में शहर के सौंदर्यकरण से संबंधित इन सभी कार्यों को स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। इस कमेटी में प्रधान, उप प्रधान, पार्षद नीना राठी, पार्षद संदीप दहिया, ईओ अरुण नांदल व अन्य मौजूद रहेंगे।

### पार्कों को हरा-भरा व सुंदर बनाया जाएगा

शहर के पार्कों और चौराहों की तस्वीर जल्द ही बदलने वाली है। इन पार्कों को हरा-भरा और सुंदर बनाया जाएगा। लोगों से भी अपील है कि वे अपने स्तर पर भी पार्कों की साफ सफाई आदि में सहयोग करें। हरे-भरे पार्कों में सैर करके लोग अपनी सेहत सुधार सकेंगे। हम नगर की स्वच्छता और सौंदर्यकरण के प्रति प्रतिबद्ध हैं।
- **सरोज राठी**, चेयरपर्सन, नगर परिषद बहादुरगढ़

### चौराहों के सौंदर्यीकरण से सुंदरता बढ़ेगी

बहादुरगढ़ को स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए संकल्पित हैं। शहर के सभी पार्कों में हरियाली के साथ ही सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। कुछ महीनों में शहर हरे भरे पार्कों से सुसज्जित होगा। जिसका लाभ शहर के लोगों को होगा। शहर के 5 चौराहों के सौंदर्यकरण से बहादुरगढ़ की सुंदरता बढ़ेगी।
- **अरुण नांदल**, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़




## खबर संक्षेप

### द्वारका में रक्तदान शिविर आज

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना की लोकहित समिति द्वारा बुधवार को द्वारका के सेक्टर-17 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने बताया कि पुलिस स्टेशन के नजदीक सुबह 9 बजे से 4 बजे तक रक्तदान शिविर लगेगा।

### पंचों के प्रशिक्षण में कोताही की शिकायत

**बहादुरगढ़।** गांव छारा के पंचायत सदस्य अनिल दलाल ने जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर पंचों की ट्रेनिंग में लापरवाही की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि बहादुरगढ़ खंड कार्यालय में 5 व 6 अगस्त को पंचों की ट्रेनिंग आयोजित की गई थी। इस प्रशिक्षण के दौरान पंचों के लिए चाय-पानी या भोजन की कोई पंचों व्यवस्था नहीं की गई। प्रशिक्षण के बाद भी आज तक पंचों को प्रशिक्षण किट उपलब्ध नहीं करवाई गई। इस दौरान ग्राम सचिव व बीडीपीओ तक उपस्थित नहीं रहे। प्रशिक्षण का वातावरण अत्यंत अव्यवस्थित रहा।

# विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल कर मांगे 25 लाख, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सीआईए व शहर थाना की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से रुपयों की मांग करने व जान से मारने की धमकी देने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि रईया गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने झज्जर शहर में अपना कार्यालय बनाया हुआ है। बीते 28 अगस्त को सुबह विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल कर 25 लाख रुपए की अवैध रूप से मांग की। मांग पूरी न करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सात सितंबर को दोबारा सुबह कॉल आई और अज्ञात आईडी से इंस्टाग्राम पर कुछ ऑडियो और वीडियो भी आए। जिन्होंने 30 लाख रुपए की अवैध रूप से मांग की और न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर विवेक मलिक व शहर थाना की टीम ने साइबर सेल की मदद से दो आरोपियों को पकड़ा गया।



### दोनों आरोपी गैंगस्टरों के फैन

पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रितुल निवासी ईगरा जिला जींद और मनीष उर्फ अरुण निवास रईया के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से फॉलो कर रहे हैं। जिन्होंने उनसे प्रभावित होकर इस वारदात को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों के मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं जिनको दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। अभी तक की जांच में यह सामने आया है कि आरोपी मनीष का पहले से ही शिकायतकर्ता के साथ पैसों का लेनदेन था। आरोपी मनीष ने शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपए ले रखे थे। जिसके कारण दोनों ने आपस में अपने फोन बदल लिए थे। परंतु शिकायतकर्ता उससे और पैसों की मांग कर रहा था। इस रंजिश के कारण आरोपी मनीष ने इस वारदात अंजाम दिया।

# बदमाश का खुलासा : ओलंपियन सुशील कुमार ने उपलब्ध करवाई थी विदेशी पिस्तौल व बीस गोलियां

पुलिस ने विशाल को अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित पकड़ा, पहलवान सुशील को प्रोडक्शन वारंट में लेगी पुलिस

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा अवैध हथियार व कारतूस सहित पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान सुशील पहलवान द्वारा हथियार उपलब्ध करवाने का खुलासा किया है। इस संबंध में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि सीआईए की टीम ने अवैध विदेशी पिस्तौल व छह जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को पकड़ा गया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान विशाल निवासी बिहरोड के तौर पर की गई थी। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया था। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी विशाल 2014 से 2021 तक छत्रसाल स्ट्रेडियम दिल्ली मे पहलवानी की प्रैक्टिस करता था। जिसने 2021



मे नेशनल अंडर 19 भी खेला हुआ है। जिसकी दोस्ती छत्रसाल स्टेडियम मे ओलंपियन सुशील पहलवान से हुई थी। पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कि एक विदेशी पिस्तौल व बीस राउंड सुशील पहलवान ने उपलब्ध करवाए।

### सुशील से मिलने अक्सर उसके गांव जाता था विशाल

उन्होंने बताया कि सुशील पहलवान सागर हत्याकांड मे दिल्ली कोर्ट सें चार मार्च को जमानत पर आया था। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 13 अगस्त को जमानत कैसिंल कर दी थी। सुशील जब जमानत पर था तो विशाल अक्सर सुशील से मिलने उसके गांव बापडोधा जाता था। मई माह मे रोहिणी कोर्ट दिल्ली मे सुशील पहलवान की पेशी के दौरान विशाल भी साथ गया था। तब सुशील पहलवान ने एक गाड़ी की तरफ इशारा करके एक पिस्तौल व 20 गोलियां लेने की बात कही थी। आरोपी पिस्तौल व गोलियां गाड़ी से लेकर आया था। उन्होंने बताया कि आरोपी की रिमांड अवधि समाप्त होने पर अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी सुशील को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की जाएगी।





# द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइव्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

लाइफStyle



# अनीत
## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर

हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

हॉलीवुड मसाला



# लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें'द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।



## बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



# पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




# जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

टीवी मसाला



# 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्टपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

## 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

# ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की



गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं। जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।

# जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट
## दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले



लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।

### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।

## रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं
# साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

*मुंबई। 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी'में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी'बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

## सीबीएसई नार्थ जोन तैराकी प्रतियोगिता में जीडी गोयनका स्कूल की बादशाहत बरकरार

# तैराकों ने जीते 23 पदक, नेशनल के लिए नौ खिलाड़ी हुए चयनित

### प्रधानाचार्या ने छात्रों के प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। विजेता तैराकों को प्रोत्साहित करती शैलजा जून व अन्य, प्राची व उसके परिजनों को सम्मानित करते बीएल भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा आयोजित नार्थ जोन तैराकी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। सोनीपत के ऋषिकुल पब्लिक स्कूल में हुई स्पर्धा में 23 पदक जीतने के साथ ही गोयनकंस ने अपनी बादशाहत को बरकरार रखा है। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने विजेता व प्रतिभागी तैराकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जीडी गोयनका स्कूल के साथ ही पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल के होनहार छात्र आने वाले समय में देश का नाम रोशन करेंगे। बता दें कि इस प्रतियोगिता में नार्थ जोन के सीबीएसई से संबद्ध असंख्य स्कूलों ने भाग लिया था। हर उम्र और वर्ग के तैराकों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ के एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने 12 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य पदक समेत कुल 23 पदक जीतकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

स्कूल के 9 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में विशेष रूप से शानदार प्रदर्शन किया, जिसके चलते उनका चयन आगामी नेशनल तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्कूल प्रधानाचार्या ने छात्रों के प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह हमारे विद्यार्थियों का खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास भी कई गुना बढ़ा है।

### सैनिक स्कूल की प्राची ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

*बहादुरगढ़। मंगलवार को सैनिक पब्लिक स्कूल की छात्रा प्राची का स्कूल प्रांगण में स्वागत-सम्मान किया गया। विवेकानंद नगर निवासी प्रवीण कुमार की पुत्री प्राची ने पहले जिला स्तर पर गोल्ड हासिल किया। गुरुग्राम में हुए सीबीएसई गेम्स में सिल्वर पदक जीता। महेंद्रगढ़ में आयोजित नेशनल स्पर्धा में 48-50 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। प्राची की इस उपलब्धि को लेकर स्कूल में खुशी का माहौल दिखा। स्कूल प्रांगण में प्राची और उसके परिजनों का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने उसे बधाई के साथ 11 हजार रुपए का चेक दिया। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसी तरह जीतने के लिए प्रेरित किया।*

## खबर संक्षेप

### फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक देंगे सेवाएं

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज गिरावड़ में स्वस्थ नारी सुरक्षित परिवार अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत संस्थान में बुधवार से आगामी दो अक्टूबर तक फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले के सीएचसी ढाकला, जमालपुर, दूबलधन, बेरी और स्थानीय नागरिक अस्पताल में 17, 18, 19, 20 व 25 सितंबर को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिनमें उनके संस्थान के चिकित्सकों द्वारा लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व किसी भी प्रकार की लैब जांच में लोगों को छूट प्रदान की जाएगी। कैंप में जहां महिलाओं में होने वाली कैंसर की जांच और उसके संभावित उपायों की जानकारी, बच्चों में खून की कमी और टीकाकरण बारे जागरुक किया जाएगा वहीं काला मोतिया के मरीजों की जांच और अंधेपन से बचाव के उपाय, टीबी जांच आदि के साथ विभिन्न बीमारियों के उपायों की जानकारी भी दी जाएगी।

### ओजोन परत को बचाने के लिए जागरुक किया



**झज्जर।** अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में सेमिनार व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ. अन्नू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. सुमन ने विद्यार्थियों को ओजोन परत के क्षरण के कारण तथा उसे बचाने के समाधान बारे विद्यार्थियों को जागरुक किया। डॉ. नवीन कुमार पूनिया ने ओजोन दिवस 2025 के मुख्य विषय विज्ञान से वैश्विक कारवाई तक पर अपने विचार प्रस्तुत किए। दीक्षा ने विद्यार्थियों को अपने फ्रिज, एसी की नियमित जांच करते रहने तथा ऐसे उत्पादों को कम से कम उपयोग करने का आह्वान किया जिनमें ओजोन क्षयकारी रसायन हों। पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों ने विश्व के जागरुक नागरिक होने का परिचय देते हुए बेहतर पोस्टर प्रस्तुत किए व पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ ली।



बहादुरगढ़। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में बनाई कलाकृतियां देखती प्रिंसिपल व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### प्रतिभा खोज कार्यक्रम के साथ हुआ व्याख्यान

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में भूगोल विभाग, नेचर इंटरप्रिटेशन सेल, इको क्लब तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन और प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छारा महाविद्यालय में मंगलवार को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डांस, गायन, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, स्पीच आदि प्रतियोगिता करवाई गई। गायन में रौनक ने पहला, पायल ने दूसरा और नीतू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डांस प्रतियोगिता में मुस्कान पहले, वर्षा दूसरे और निशा व संजू तीसरे स्थान पर रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में किरण प्रथम, प्रीती द्वितीय और मुस्कान तृतीय स्थान पर रही। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में भूपेंद्र ने पहला, वर्षा और चेतना ने दूसरा, निशा और संजू ने तीसरा स्थान पाया। मंगलवार को प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल के कुशल दिशानिर्देशन में हुए विस्तार व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय मतलोडा के सहायक प्राध्यापक (भूगोल) दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को ओजोन क्षरण विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने ओजोन परत के महत्व, उसके क्षरण के कारणों और मानव जीवन व पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। दोनों कार्यक्रमों के दौरान डॉ. संजय , देवेंद्र, डॉ. अश्वनी कुमार, मोनिका, डॉ. मनोज कुमार, ज्योति, मंजू मलिक, रेखा, डॉ. ललिता, विजय आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं में तमन्ना व गितु रही प्रथम

**बहादुरगढ़।** गांव जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय मंगलवार को ओजोन दिवस के मौके पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। पोस्टर मेकिंग में तमन्ना प्रथम, खुशबु द्वितीय व सोनम तृतीय रहीं। जबकि स्लोगन राइटिंग में गितु प्रथम, प्रज्ञाती द्वीतिय और राखी तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. संदीप किराड द्वारा विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राध्यापक डॉ. सुनील व हरिस्वरूप की देख रेख में हुआ। निर्णायक मंडल में डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मंजीत, अनिल व अजय कुमार शामिल रहे।



बहादुरगढ़। विजेता प्रतिभागियों के साथ कॉलेज प्रिंसिपल व स्टॉफ।

## लद्दाख में ऊंचाई पर दौड़े बीआरजी के धावक

***धावकों ने पूरे जज्बे और अनुशासन के साथ दौड़ लगाकर हरियाणा का नाम रोशन किया***

**बहादुरगढ़।** दुनिया की सबसे ऊंचाई पर आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित लद्दाख मैराथन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर हरियाणा का नाम रोशन किया। समुद्र तल से 11 हजार 500 फीट की ऊंचाई पर आयोजित यह मैराथन न केवल फिटनेस बल्कि साहस और धैर्य की भी परीक्षा होती है। बीआरजी के नीरज छिल्लर ने 42.2 किलोमीटर की फुल मैराथन, सन्नी राणा, अरुण विजयरण व कैप्टन प्रसाद ने 21.1 किलोमीटर की हाफ मैराथन, सुमित राणा व मुकेश विजयरण ने 11 किलोमीटर, अमज्योत ने 21 किलोमीटर, सुदेश तोमर ने 42.2 किलोमीटर की फुल मैराथन और अरुणा तोमर ने 21 किलोमीटर की दौड़ में सफलतापूर्वक हिस्सा लिया। बीआरजी के संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि ऑक्सीजन की कमी और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्तों के बावजूद बीआरजी के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। लद्दाख मैराथन में भाग लेना सिर्फ दौड़ना नहीं है, बल्कि अपने मन और शरीर की सीमाओं को परखना है। ग्रुप के धावकों ने पूरे जज्बे और अनुशासन के साथ दौड़ लगाकर हरियाणा का नाम रोशन किया है।



बहादुरगढ़। लद्दाख में दौड़ लगाने वाले बीआरजी के धावक।



झज्जर। ओजोन परत को लेकर बनाए गए पोस्टर दिखाते हुए विद्यार्थी।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मंजू रही प्रथम

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना में भूगोल विभाग द्वारा ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने की। विभागाध्यक्ष डॉक्टर संदीप कुमार ने बताया कि ओजोन हमारे पर्यावरण के लिए बहुत आवश्यक है इसका धीरे-धीरे पतन होता जा रहा है। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की मंजू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉक्टर सीमा रानी, डॉक्टर भाग्यश्री, डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर अंजूबाला, डॉक्टर कुलदीप राठी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### प्रश्नोत्तरी में आकाश सदन की टीम रही प्रथम

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुंबाहेड़ी में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। हिंदी पत्रकारिता के मसीहा, हिंदी गद्य के जनक के रूप में प्रसिद्ध रेवाड़ी जिले के गुड़ियानी में जन्मे साहित्यकार स्वर्गीय बाबू बालमुकुंद गुप्त के बहुआयामी व्यक्तित्व विषय पर आधारित इस प्रश्नोत्तरी में आकाश सदन की ज्योति, कनिका व हिमांशी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पृथ्वी सदन से महिमा, हितेश व अभिमन्यु की टीम द्वितीय रही जबकि वायु सदन से हिमांशु, निकिता व शुभम की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक शिक्षक अशोक कुमार ढोरिया ने बताया कि प्राचार्य संजीव कुमार खत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन हिंदी अध्यापक सत्यवान सत्य ने किया जबकि स्कोरर की भूमिका हिमांशु ने निभाई। इस मौके पर हिंदी प्रवक्ता मंजू यादव, विनोद, कंप्यूटर टीचर रवीना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग में यशवीर ने पाया पहला स्थान

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के भौतिकी और रसायनशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ओजोन दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 25 विद्यार्थियों ने अपने पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता का आयोजन भौतिकी विभागाध्यक्ष ज्योति सांगवान और रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष सुरीला ने किया। बीएससी अंतिम वर्ष के यशवीर ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीएससी द्वितीय वर्ष की टीना दूसरे स्थान पर रही। बीएससी द्वितीय वर्ष की सिमरन तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिता का निर्णय प्राध्यापिका डॉक्टर मीनाक्षी, रीना और डॉक्टर ज्योति ने किया।

## न्यूज डायरी

### नेशनल ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई




**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर लोगों को पौधे वितरित किए गए। साथ ही नेशनल ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से प्राकृतिक वातावरण में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं करने का संदेश दिया। कॉलेज उपप्रधान पवन जैन ने कहा कि धरती को हरा-भरा बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। भारत विकास परिषद के कोऑर्डिनेटर सतीश शर्मा ने कहा कि युवा पौधे लगाएं और उनकी देखभाल भी करें। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारण वातावरण में तापमान का बढ़ना ओजोन परत में छिद्र का बड़ा कारण है। उन्होंने सतीश शर्मा, रानी देवी व वॉलिंटियर्स को पौधे वितरित किए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान झज्जर की शिक्षा, द्वितीय स्थान फरीदाबाद की यती चौधरी व प्रियंका, तृतीय स्थान झज्जर की मुस्कान व बहादुरगढ़ की हिमांशी द्विवेदी को मिला। फरीदाबाद की सृष्टि सिंह, बहादुरगढ़ की अन्नु व कस्तूरी राम कॉलेज की सीमांतिका को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### संगठन को मजबूत बनाने को लेकर किया मंथन



झज्जर। मासिक बैठक में उपस्थित सेवा सेवा भारती के जिला संरक्षक करतार भारती के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

**झज्जर।** राजमाता अहिल्याबाई होल्कर सिलाई एवं समर्थ किशोरी केंद्र पर मंगलवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रांत पदाधिकारियों अमृतानंद महाराज, पूर्ण कालिक प्रचारक हिमांशु, रोहतक विभाग प्रमुख समुद्र, सिंह गुलिया, जिलाध्यक्ष रमेश लाठर आदि के समक्ष आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया। स्वामी अमृतानंद ने संगठन बारे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की सेवा भारती बहुत ही मजबूत और कर्तव्यनिष्ठ संगठन है जो निरंतर आगे बढ़ रहा है। दशहरा पर्व पर कंजक पूजा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि दस साल से कम उम्र तक की किशोरियों की कंजक पूजा करनी सुनिश्चित की जाए तथा केंद्र पर श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जाए। इसके अलावा संघ के एक सौ वर्ष पूरा होने के संबंध में भी शताब्दी वर्ष उत्सव मनाए जाने पर भी चर्चा की गई। पूर्णकालिक प्रचारक हिमांशु ने बताया कि संगठन को विस्तार देने के लिए सेवा भारती में कार्यकर्ता जोड़ने की आवश्यकता है। बैठक में संत कुमार को बादली खंड सचिव व नेहा रानी को खंड की समर्थ विकास किशोरी का दायित्व दिया गया। इस मौके पर सचिव कुलबीर सिंह जून, बहादुरगढ़ नगराध्यक्ष वीरेंद्र कटारिया, महेश कुमार, हवा सिंह मलिक, राकेश कुमार, भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष धर्मवीर गुलिया, संघ सेवा प्रमुख हरिओम, मीनू लोहचब सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### मनुष्य के संतोष व धैर्य को मजबूत करता है राम का नाम



झज्जर ।बाबा कांशीगिरी मंदिर में श्रीराम कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

**झज्जर।** बाबा कांशीगिरी मंदिर में पितृ तर्पण राम कथा के चौथे दिन शिव पार्वती विवाह व राम जन्म का प्रसंग हुआ। कथाव्यास स्वामी उमानंद ने कहा कि श्री राम राष्ट्र पुरुष हैं और विश्व की आत्मा है। भगवान श्री राम का जीवन अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र जहां मन और हृदय को पवित्र कर देता है वही आत्मिक आनंद को प्रदान करता है। श्रीराम का नाम संतोष और धैर्य को मजबूत करता है। अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए प्रभु राम का अवतार हुआ। चक्रवर्ती महाराज दशरथ को जब संतान न हुई तब उन्होंने गुरु द्वार पर जाकर याचना की। गुरु कृपा फलित हुई और यज्ञ के द्वारा भगवान प्रकट हुए। भक्ति का योग हो ,भगवान को पाने की लगन हो, गुरु का अनुग्रह हो ,प्रभु पर एतबार हो तो किसी भी तिथि को परमात्मा अतिथि बनकर जीवन में उतर जाते हैं। जीवन तीर्थ में बन जाता है जब श्री राम का स्मरण होता है। इस मौके पर वीके नरूला, वेद बहल पाशु, गौतम आर्य, शंकर लाल ग्रोवर, वीके शर्मा, इंदु भुगड़ा, राधेश्याम भाटिया, संतलाल बुद्धिराजा, जग्गी गेरा, सूबे सिंह हरित, उमाशंकर, ताराचंद सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बेटियों को समान अधिकार दिए बिना समाज का वास्तविक विकास संभव नहीं : कमलेश



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता, आशा वर्कर्स व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा दो जत्थों के माध्यम से राज्यव्यापी जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बीती एक सितंबर से शुरू किए गए इस अभियान के अंतर्गत एक जत्था मंगलवार को झज्जर पहुंचा। इसी के चलते जिले के गांव डीघल, बेरी, बहादुरगढ़ व आसौदा में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यूनियन की जिला सचिव प्रवेश ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी, जिला प्रधान किरण व डॉक्टर नरेश दलाल ने की। मुख्य वक्ता राज्य उप प्रधान कमलेश भैरवी ने कन्या भ्रूण हत्या के सामाजिक कारणों और उसके दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब तक बेटियों को समान अधिकार, शिक्षा और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक समाज का वास्तविक विकास संभव नहीं है। इस दौरान तीन बेटियों पर ऑपरेशन कराने वाली महिलाओं को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसएमओ डॉक्टर सरोज, डॉक्टर साहिल, डॉक्टर संदीप, किसान सभा के जिला प्रधान सतबीर, शुभम, मुकेश, पीयूष, सविता, रेखा, मूर्ति, कविता, रिटर्ड कर्मचारी संघ से रमेश जाखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सेंसस ग्रुप असेसमेंट में किया विद्यार्थियों की मौलिक साक्षरता का मूल्यांकन



**झज्जर।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत कक्षा दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों का दो दिवसीय सेंसस ग्रुप असेसमेंट मंगलवार को संपन्न हो गया। निपुण जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि आंकलन के पहले दिन जहां विद्यार्थियों की मौलिक साक्षरता का मूल्यांकन किया गया वहीं दूसरे दिन संख्या ज्ञान कौशल का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने बताया कि निदेशालय मौलिक शिक्षा हरियाणा के निर्देशानुसार जिले के सभी 292 विद्यालयों में किए गए आंकलन के दौरान पहले दिन कुछ मामूली तकनीकी समस्याएं भी आईं लेकिन पूरी प्रक्रिया बेहतर तरीके से संपन्न हुई। आंकलन की सुचारु और सहज कार्यवाही का निरीक्षण करने के लिए सभी जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी, क्लस्टर प्रमुख तथा डाइट फैकल्टी आदि ने दोनों दिन दो-दो स्कूलों का दौरा किया। जिले के विद्यालयों का अवलोकन करने के लिए निपुण हरियाणा मिशन की राज्य टीम के सदस्य शाइस्ता नाज और अभिषेक भी विद्यालयों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे।

## अशोक मान ने गांव परनाला व जटवाड़ा मोहल्ला में आर्यन के पक्ष में मतदान की अपील की

# आर्यन मान को जिताने के लिए कई गांवों में किया जनसंपर्क

### रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर बहादुरगढ़ का नाम रोशन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली विश्वविद्यालय चुनाव में एबीवीपी के प्रधान पद के प्रत्याशी आर्यन मान को जिताने के लिए बहादुरगढ़ में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। लोवा सतरह के प्रधान अशोक मान ने गांव परनाला व जटवाड़ा मौहल्ला में आर्यन के पक्ष में मतदान की अपील की। जबकि दलबीर मान ने गांव बराही में आर्यन को रिकॉर्ड वोटों से जिताने का आह्वान किया।

दलबीर मान ने कहा कि आर्यन छात्र हितों की रक्षा करने के साथ-साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम करेंगे। भाजपा के जिला महामंत्री एवं जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने दावा किया कि दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आर्यन मान की ऐतिहासिक जीत होगी। इस मौके पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी, मुकुंदपुर के सरपंच सुमित, मोहन खैरपुर, जितेंद्र बामडोली, पप्पू प्रधान कुलासी, सरपंच मोहित छिल्लर, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, दयाकिशन छिल्लर लडरावण, पप्पू दलाल व सनवीर दलाल ने कहा कि बहादुरगढ़ समेत पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि एबीवीपी ने यहां के बेटे आर्यन मान को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया है। अब हम सबकी जिम्मेदारी है कि उसे रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर बहादुरगढ़ का नाम रोशन करें।




बहादुरगढ़। बराही में आर्यन के समर्थन में वोट मांगते दलबीर मान व रविंद्र छिल्लर।

### परनाला ने भी किया आश्वस्त

*राठी खाप के प्रवक्ता अशोक परनाला ने भी गांव में प्रचार करने पहुंचे आर्यन मान के ताऊ अशोक मान को आश्वस्त किया कि वे उनकी जीत के लिए पूरा जोर लगा देंगे। दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्र में अपने रिश्तेदारों और परिचितों को भी आर्यन के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।*

### स्वास्थ्यकर्मियों को दी संक्रमण प्रसार रोकने की ट्रेनिंग

**झज्जर।** संक्रमण प्रसार रोकने को लेकर स्थानीय नागरिक अस्पताल में मंगलवार को एक दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में जिले के सभी एचएचसी, सीएचसी व नागरिक अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी, लैब टेक्नीशियन और एएनम आदि उपस्थित रहे। मुख्य प्रशिक्षक एवं नर्सिंग अधिकारी कविता गुलिया ने संक्रमण प्रसार को रोकने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए आवश्यक है हमें अपने हाथ अच्छी तरह साफ करने चाहिए।

कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़
नोटिस आम जनता
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शशी (पत्नी) चंचल सैनी पुत्र मनीष सैनी (पुत्र) मंजीत (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी श्री स्व. रमेश चन्द्र निवासी मस्जिद मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3B94V5NI Word No. 16 कॉलोनी मस्जिद मोहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 125 से 160 वर्ग गज करवाने हेतू Online Application No. 0187077008 द्वारा अप्लाई किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3B94V5NI वार्ड नंबर-16 कॉलोनी मस्जिद मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नं. 3B94V5NI 160 वर्ग गज प्रार्थी शशी (पत्नी), चंचल सैनी (पुत्र), मनीष सैनी (पुत्र), मन्जीत (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी श्री स्व. रमेश चन्द्र के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद, बहादुरगढ़

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने मूवी में देखी संघर्ष गाथा

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा स्मार्ट क्लास रूम में मूवी शो का आयोजन किया गया। लगभग 60 छात्राओं ने मूवी शो देखा। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि साहित्यिक फिल्मों से समाज और संस्कृति को समझने में सहायता मिलती है। वरिष्ठ प्राध्यापिका सुजाता वर्मा ने कहा कि ये फिल्में मनोरंजन के साथ-साथ दर्शकों को शिक्षित करने का बेहतरीन माध्यम है।

### दिन में किए 338 वाहन चालकों के चालान

**बहादुरगढ़।** जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने जगह–जगह पर नाकाबंदी कर 5 से 14 सितंबर के दौरान 338 वाहन चालकों के चालान किए हैं। इनमें से नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले 313, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 19 और और ज्यादा स्पीड में वाहन चलाने पर 8 वाहन चालकों के चालान किए गए।

### चेयरपर्सन कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** शहर के किला मोहल्ला की नानक डेयरी वाली गली के लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी के नाम उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी को ज्ञापन सौंपते हुए रामा मक्कड़, नीलू, हर्ष, प्रवीण, ममता व रुक्मणि देवी आदि ने सीवर ब्लॉकेज और खाली प्लॉट में फैली गंदगी से निजात दिलाने की मांग रखी। उनके अनुसार गली की सीवर लाइन लंबे समय से ब्लॉक है। जिस कारण बदबू और गंदगी पूरे इलाके में फैल रही है।

### फुटवियर पार्क में कल होगा प्रदर्शनी का उद्घाटन

**बहादुरगढ़।** फुटवियर पार्क एसोसिएशन द्वारा बहादुरगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से सेक्टर-4बी में स्थित फुटवियर क्लसटर में 18 व 19 सितंबर को प्रदर्शनी एवं बायर-सेलर मीट का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन 18 सितंबर को हरियाणा सरकार के मंत्री विपुल गोयल द्वारा किया जाएगा। आनंद सोनी ने बताया कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा गैर-चमड़े के फुटवियर एवं एक्सेसरीज पर आधारित रही प्रदर्शनी।

### अस्पताल में लगातार बढ़ रही उल्टी-दस्त, बुखार, मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड के मरीजों की संख्या

# दो-तीन से अधिक दिन का बुखार पड़ सकता है भारी

## बुखार होने पर चिकित्सकों को दिखाना जरूरी

*चिकित्सक बोले, आम बुखार व टाइफाइड को लेकर इतनी चिंता नहीं है जितना डर डेंगू बुखार का है*

- मरीजों में अधिकांश मरीज उल्टी, दस्त, बुखार, मोतीझारा, चिकनगुनिया व डेंगू से संबंधित है

**लोगों का कई दिनों तक बुखार नहीं टूट रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

पिछले कुछ दिनों से बुखार व उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अस्पतालों में पचास फीसदी मरीज फ्लू के फीवर से पीड़ित मिल रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार इन मरीजों में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया के अलावा टाइफाइड वाला बुखार मरीजों में देखने को मिल रहा है जो लंबे समय तक रहता है। चिकित्सकों की राय है कि यदि दो या तीन दिन से अधिक दिनों तक बुखार बना रहता है लोगों को अपनी जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम बुखार व टाइफाइड को लेकर इतनी चिंता नहीं है जितना डर डेंगू बुखार का है। स्थानीय नागरिक अस्पताल की चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर हिमांशी ने बताया कि आजकल नागरिक अस्पताल की ओपीडी में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल की ओपीडी स्लिप कटवाने के लगी लोगों की भीड़।

### रक्तजांच करके किया जा रहा मरिजों का उपचार

आने वाले मरीजों में अधिकांश मरीज उल्टी, दस्त, बुखार, मोतीझारा, चिकनगुनिया व डेंगू से संबंधित है। लोगों का कई दिनों तक बुखार नहीं टूट रहा। उसके बाद वे अस्पताल पहुंच रहे हैं। रक्तजांच में बीमारी का पता लगाकर उन्हें दवाएं दी जा रही हैं। इन रोगों के चलते मरीजों में प्लेटलेट्स की कमी भी आ रही है। उन्होंने प्लेटलेट्स कमी के लक्षण बताते हुए कहा कि त्वचा पर छोटे लाल धब्बे पड़ना, मुंह, नाक या मसूड़ों से रक्तस्राव होना, ब्रश करते समय खून निकलना और छोटी चोट से भी अधिक मात्रा में खून निकलना प्लेटलेट्स की कमी के लक्षण हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बाढ़ व बरसात के कारण मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। ऐसे में पचास से अधिक आयु वर्ग के लोगों को बीमारियों की चपेट से बचने के लिए इस मौसम में इन्फ्लुएंजा वैक्सीन लगवानी चाहिए।



# ई-रिक्शा चालकों से उगाही करने व धमकाने का आरोप



**बहादुरगढ़।** ई-रिक्शा चालकों की शिकायत सुनते एसीपी दिनेश कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करने वाले गरीब इन दिनों कुछ लोगों की दबंगई और नाजायज उगाही से परेशान हैं। मंगलवार को ई-रिक्शा चालकों ने भाजपा नेता जसबीर सैनी से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। एसीपी दिनेश कुमार भी मौके पर पहुंचे एसीपी दिनेश कुमार ने भी ई-रिक्शा चालकों की शिकायतें ध्यान से सुनीं और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ई-रिक्शा चालक सुरेंद्र, दिनेश कुमार, शिव नारायण व अरूण कुमार ने बताया कि वे नजफगढ़ रोड पर ई-रिक्शा चलाते हैं। लेकिन उनसे बार-बार मारपीट, गाली-गलौच करने के अलावा जान से मारने की धमकी दी जाती है। उनके ई-रिक्शा के टायरों में सुआ मारकर पंचर कर दिए जाते हैं और उनसे जबरन पैसे मांगे जाते हैं।

कुछ दुकानदार व अन्य लोगों द्वारा ई-रिक्शा खड़ी करने का 30 रुपए किराया देने का दबाव बनाया जाता है। ऑटो और वैन चालक भी उनसे बुरा व्यवहार करते हैं। उनपर 10 की बजाय 20 रुपए किराया लेने का दबाव बनाया जाता है। अरविंद कुमार, कृष्ण विजय कुमार, जयप्रकाश, विनय, आलम, प्रवीण कुमार, विकास कुमार, मुन्ना पासवान आदि ने उनकी सुरक्षा करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

### मॉडर्न स्कूल की खुशी ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण

**बहादुरगढ़।** मॉडर्न स्कूल की छात्रा खुशी ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। मंगलवार को स्कूल में हुए कार्यक्रम में खुशी और उसके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को मॉडर्न स्कूल में खुशी के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। उसके पिता जसवीर सिंह ने बताया कि खुशी बचपन से ही होनहार खिलाड़ी रही है। स्कूल चेयरमैन डॉ. राकेश सांगवान व डायरेक्टर उर्मिला सांगवान समेत संचालक मंडल ने इस उपलब्धि के लिए खुशी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि खुशी ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्षशीलता के बल पर उसने राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी खेल और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूल द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।




**बहादुरगढ़।** मॉडर्न स्कूल में छात्रा खुशी को सम्मानित करते प्रिंसिपल व अन्य।

# एनसीसी कैडेट निशा ने थल सैनिक कैंप में हासिल की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि

- 'सीनियर विंग कैडेट्स राइफल शूटिंग टीम' प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा और एनसीसी कैडेट सार्जेंट निशा ने एनसीसी निदेशालय की ओर से एप्लीकेशन फायरिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए निदेशालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय थल सैनिक शिविर में भी सीनियर विंग कैडेट्स की राइफल शूटिंग टीम प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल की है।



**झज्जर।** होनहार कैंडेट निशा महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

थल सैनिक शिविर में डीजी एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह की उपस्थिति में निशा को रजत पदक से अलंकृत किया गया और एयर वाइस मार्शल पीवीएस नारायण, अतिरिक्त महानिदेशक, एनसीसी ने सम्मानित किया। पूरे निदेशालय की ओर से उन्हें एनसीसी अकादमी, रूपनगर में अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल जगदीप सिंह चीमा ने भी सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि निशा रोहतक ग्रुप मुख्यालय की एकमात्र छात्रा कैडेट हैं, जिन्होंने इस कैंप में जगह बनाई। उन्होंने पिछले वर्ष अक्टूबर में पहली बार रायफल थामी थी और बटालियन तथा ग्रुप स्तर पर चयनित होती हुई राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित किया।



### एचडी स्कूल की पूर्व छात्रा प्रीति राहर बनी लेफ्टिनेंट

**झज्जर।** एचडी साल्हावास की पूर्व छात्रा प्रीति राहर ने यूपीएससी सीडीएस परीक्षा पास करके आर्मी लेफ्टिनेंट बनकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि विद्यालय की होनहार व प्रतिभाशाली छात्रा प्रीति ने पूरे भारत में छठा रैंक प्राप्त कर गांव, विद्यालय, क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष जनवरी में घोषित परिणामों में भी विद्यालय की पूर्व छात्रा नीरज मोर ने पूरे देश में 13वां स्थान पाकर यूपीएससी सीडीएस की परीक्षा पास की थी और लेफ्टिनेंट का पद हासिल किया था। कला संकाय की छात्रा प्रीति ने बारहवीं कक्षा में भी 95.4 प्रतिशत अंक लेकर सेना में उच्च पद पर जाने का जो सपना संजोया था, जो आज पूरा हो गया। प्रीति ने इस सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों, स्वर्गीय दादा जयनारायण राहर व एचडी प्रबंधन समिति के सहयोग दिया।



**बहादुरगढ़।** स्वामी दिव्यानंद भिक्षु महाराज के साथ समिति पदाधिकारी।

### गौधन समिति का 10वां वार्षिकोत्सव कल से

बहादुरगढ़। गौधन सेवा समिति द्वारा शहर के बादली रोड पर स्थित सेठ रामवतार गोयल गौ एवं वन्य जीव उपचार सेवा केंद्र पर दसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर गौ पूजा, गौ दान और गोपाल भक्ति कथा सहित कई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम होंगे। समिति के प्रधान रमेश राठी ने बताया कि 18 से 21 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बादली रोड केंद्र पर कामधेनु यज्ञ, गौ पूजन और गौ दान का कार्यक्रम होगा। जबकि चारों दिन किला मौहल्ला में शाम 5 से साढ़े 7 बजे तक श्री गो गोपाल भक्ति कथा का आयोजन श्री करोड़ रामलीला सभा में किया जाएगा। स्वामी गीतानंद महाराज और डॉ स्वामी दिव्यानंद भिक्षु महाराज के सान्निध्य मेला ग्राउंड में 20 सितम्बर को वन्य जीव उपचार केंद्र का शुभारंभ भी किया जाएगा। इसका उद्घाटन सतीश गुप्ता (बॉबी) द्वारा किया जाएगा।

### डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक




**झज्जर।** एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

**झज्जर।** मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में एसआईआर को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर का शेड्यूल जारी किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस प्रक्रिया में सहयोग करें और अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार खन्ना।

### स्काउट्स एंड गाइड्स का बिगिनर्स कोर्स संपन्न

**झज्जर।** शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे स्काउट्स एंड गाइड्स का दो दिवसीय बिगिनर्स कोर्स मंगलवार को संपन्न हो गया। डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र व डीओसी गाइड मैनावंती के नेतृत्व में आयोजित इस कोर्स में जिले के पांचों खंडों से विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। डॉक्टर राजेंद्र ने बताया कि पहले दिन बहादुरगढ़ व बेरी खंड के शिक्षक शामिल हुए जबकि दूसरे झज्जर, मातनहेल व साल्हावास खंड के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। कोर्स में स्काउटिंग एंड गाइडिंग के आधारभूत विषयों जैसे संगठन का इतिहास, मौलिक तत्व, नियम, प्रतिज्ञा, आदर्श, चिन्ह, सेल्यूट, बायां हाथ मिलाना, संगठन का ढांचा, यूनिट पंजीकरण व संचालन तथा यूनिट लीडर की प्रगति प्रक्रिया आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई। ट्रेनिंग टीम में डॉक्टर राजेंद्र, मैनावंती के अलावा प्रवीण, विनीता, सुचित्रा, चांदराम, प्रवीण कुमार तथा विक्की जाखड़ ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर जिला मुख्य आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार खन्ना ने सभी प्रतिभागियों को विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास, जिम्मेदार नागरिक बनाने और एक अच्छे शिक्षक के रूप में राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# जिले की पांच गोशालाओं को मिला 59.41 लाख रुपये का चारा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने मंगलवार को स्थानीय पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिले की पांच गोशालाओं को 59 लाख 41 हजार 350 रुपए के चारा अनुदान राशि के चेक वितरित किए। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गौवंश हमारी परंपरा, संस्कृति और आस्था का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए उनकी सुरक्षा और पोषण का दायित्व हम सबका है। इसी उद्देश्य के तहत हरियाणा गौ सेवा आयोग की स्थापना की गई है और आयोग द्वारा चारा अनुदान के तहत यह राशि हर तीसरे माह चयनित गोशालाओं को जारी कि जाती है। उन्होंने कहा कि गोशालाओं के विकास के लिए प्रदेश सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में जिले की आदर्श गोशाला गुरुकुल झज्जर, महर्षि दयानंद गोशाला गुरुकुल झज्जर, श्री गोशाला, दानवीर बल्ला जाखड़ 36 खाप गौशाला साल्हावास, श्री बाबा भैरवनाथ जी गौ सेवा समिति झामरी को चेक वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि बीते दिनों प्रदेश में अत्याधिक वर्षा होने के कारण कुछ क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पैदा हुई, जिसके समाधान के लिए प्रदेश सरकार पूरी तत्परता के साथ लगी हुई है। जल भराव वाले क्षेत्रों में मच्छर जनित बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, मनीष बंसल, केशव सिंगल, मनीष नंबरदार, कमल गिरोत्रा, रामोतार पाटौदा आदि रहे।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान गौशाला संचालकों को चेक वितरित करते हुए कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव।



**बेरी।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### मां भीमेश्वरी देवी नवरात्र मेला को लेकर तैयारियां जोरों पर

**बेरी।** मां भीमेश्वरी देवी नवरात्र मेला को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी जोरों से चल रही है। एसडीएम रेणुका नांदल ने मंगलवार को व्यापारियों व दुकानदारों के साथ बैठक कर नवरात्र मेले में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर मनाही के निर्देश दिए। उन्होंने नपा अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने दुकानदारों के चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदायक है इसे समझते हुए इसका इस्तेमाल ना करें और इस मामले में प्रशासन का सहयोग करें।

### राजस्थान में जीता दुल्हेड़ा का रत्न

**बहादुरगढ़।** राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित शेखावाटी हॉर्स शो में दुल्हेड़ा गांव के घोड़े ₹हरियाणा रत्न₹ ने अडल्ट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला पुरस्कार जीता। प्रतियोगिता के दौरान घोड़ों की सुंदरता, कद और चाल को परखा गया। दुल्हेड़ा निवासी गिन्नी देशवाल ने बताया कि हरियाणा रत्न सफेद रंग का नुकरा नस्ल का घोड़ा है। जिसकी शानदार कदकाठी और अदाओं को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। यह घोड़ा उनके परिवार का सदस्य है। जब यह महज दो महीने का था, तब इसे पंजाब से लाए थे।



**बहादुरगढ़।** शेखावटी हॉर्स शो में जीतने वाला हरियाणा रत्न।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005



### डीएमसी से मिले पार्षद प्रतिनिधि

**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर-31 की पार्षद सरिता के भाई सिकंदर ने डीएमसी से मिलकर छिकारा कॉलोनी और दुर्गा कॉलोनी में सफाई व्यवस्था में सुधार करवाने की मांग की। साथ ही उन्होंने दोनों कॉलोनियों को वैध करवाने की मांग भी उनके समक्ष रखी। ताकि यहां के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। अवैध होने के कारण यहां के नागरिकों को सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने डीएमसी से सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की।

### अधिकारियों ने सुझावों पर जताई सहमति

# सीजीएसटी में सुधारों पर उद्यमियों ने रखी राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गणपति धाम स्थित कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में जीएसटी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जीएसटी 2.0 के तहत किए गए सुधारों पर उद्योग जगत की प्रतिक्रिया ली गई। साथ ही कुछ व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए गए। सीजीएसटी के एडिशनल कमिश्नर अनूप कुमार वर्मा ने उद्योगपतियों के सुझावों को बेहद ध्यानपूर्वक सुना और उनके सुझावों पर सहमति जताई।

बैठक में सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर सत्यपाल मलिक, सुपरिंटेंडेंट अमरजीत, आशीष कुमार व भरत मीना ने विशेष रूप से भाग लिया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने सभी उद्योगों की ओर से जीएसटी में बदलाव के इस सराहनीय कदम के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल ने उद्योगों, व्यापारियों और करदाताओं की तरफ से विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक बदलावों से कर प्रणाली सरल हुई है, विवादों में कमी आएगी। फुटवियर पर जीएसटी दर को कम करने से उन्हें नई ऊर्जा मिलेगी। बैठक में कोबी महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, पुरषोत्तम गोयल, दीपक शर्मा, तिलक राज गर्ग, विकास गुप्ता, श्याम सुंदर चमरिया, अनिल गोयल, नकुल मलकानी, एआर शर्मा, महेश वशिष्ठ, संदीप वशिष्ठ, जयभगवान, सुनील कुमार, पंकज वशिष्ठ, संदीप जैन, दिनेश पांडे, राजीव सिंघल, यशवीर नारा, अभिजीत, रोबिन मित्तल, सतीश मित्तल, सीए भावना गर्ग आदि मौजूद रहे। उद्योगपतियों ने कहा कि जीएसटी 2.0 सुधार निश्चित ही भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देंगे। व्यावहारिक सुझाव भी लागू किए जाएंगे तो एमएसएमई की समस्याएं काफी हद तक हल हो जाएंगी।




**बहादुरगढ़।** बैठक में उद्योगपतियों को जानकारी देते अनूप कुमार वर्मा।

### दीपेंद्र हुड्डा ने पहलवान बजरंग पूनिया के पिता को दी श्रद्धांजलि



**झज्जर।** मंगलवार को सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने पहलवान बजरंग पूनिया के पैतृक गांव खुड्डन पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बलवान पूनिया के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक है। उनका तपस्वी जीवन रहा। बजरंग पूनिया के रूप में देश को धरोहर देने का काम किया। जिन्होंने विश्वपटल पर देश का नाम रोशन किया। इसके पीछे उनका बड़ा योगदान, तपस्या और संघर्ष था। उनके संस्कारों को लेकर यह परिवार आगे बढ़ेगा, ऐसी हमारी भावना है।